भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 2082
उत्तर देने की तारीखः 08.03.2021

टॉयकाथन-2021

†2082. श्री टी.आर.वी.एस. रमेश:
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:
श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:
श्री कुरुवा गोरांतला माधव:
श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:
श्रीमती चिंता अनुराधा:
डॉ बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने खिलौनों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए टॉयकाथन-2021 शुरु किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या इस कार्यक्रम को एक स्कीम मिशन या एक पोर्टल के रूप में शुरु किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): जी हाँ। शिक्षा मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने संयुक्त रूप से 5 जनवरी, 2021 को टॉयकाथन -2021 शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय मूल्य प्रणाली, संस्कृति, इतिहास और लोकाचार पर आधारित नवीन खिलौना अवधारणाओं को क्राउड सोर्स करना है। इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और अन्य पांच मंत्रालयों कपड़ा मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के साथ मिलकर किया जा रहा है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) इत्यादि द्वारा 72 समस्या विवरण दिए गए हैं। 1,32,000 से अधिक प्रतिभागियों से 14,121 टीमों का गठन किया है, जो विभिन्न विषयों और श्रेणियों के अंतर्गत आती हैं। कुल 17,748 विचार प्राप्त हुए हैं जिनमें से 2153 विचारों को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया है।

(ग): टॉयकाथन इंडियन टॉय स्टोरी 'मिशन के तहत एक पहल है, जिसे खिलौना क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर' बनाने के लिए शुरू किया गया है। विचारों को प्रस्तुत करने के लिए पोर्टल https://toycathon.mic.gov.in बनाया गया है।

*****